
सच की ताकत, खबरों के साथ

श्री डूंगरगढ़ टाइम्स

9414917401 ♦ शनिवार ♦ 14 नवम्बर, 2026 ♦ Email : sridungargartimes@gmail.com ♦ अंक - 914

केवीएसएस का दावा, नहीं रहेगी डीएपी-यूरिया की किल्लत, किसानों से धैर्य की अपील



14 नवम्बर 2026। श्रीडूंगरगढ़ के किसानों के सामने इस बार यथासंभव डीएपी एवं यूरिया की किल्लत नहीं रहने दी जाएगी। यह दावा किया गया है श्रीडूंगरगढ़ क्रय विक्रय सहकारी समिति द्वारा। समिति के व्यवस्थापक भीखासिंह ने बताया कि इस पर व्यापक प्रयास कर समिति में छह हजार बोरी से अधिक डीएपी का आंवटन करवाया गया है एवं करीब 500 मिट्रिक टन यूरिया की डिमांड लगाई हुई है। यह भी जल्द ही मिल सकेगी। भीखासिंह ने बताया कि समिति स्टॉक में बुधवार रात तक 5950 बोरी डीएपी पहुंच चुकी है एवं गुरूवार से वितरण शुरू कर दिया गया था। गुरूवार को 350 किसानों को 1450 बोरी डीएपी प्रदान की गई है। वितरण लगातार जारी है एवं पोश मशीन के माध्यम से वितरण किए जाने के कारण समय अतिरिक्त लग रहा है। शुक्रवार को भी किसान सुबह 6 बजे से समिति के बाहर लाईनों में लगे रहे एवं मशीन खराब होने के कारण एक भी किसान को नहीं मिल पाई। ऐसे में किसानों ने मशीन बदलने की मांग की एवं किसानों की बात समिति प्रबंधन तक पहुंचाने का रेतु बना श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स। समिति प्रबंधन ने टाइम्स के बताया कि कुछ ही देर में नई मशीन मंगवा कर किसानों को लाईन अनुसार पुरी पारदर्शीता के साथ वितरण की बात कही।

किसानों से धैर्य की अपील, स्टॉक करने से बचने को कहा

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स। केवीएसएस व्यवस्थापक भीखासिंह ने किसानों से धैर्य की अपील की है, भीखासिंह ने टाइम्स को बताया कि उनके द्वारा इस बार किसान हित में डीएपी एवं यूरिया उपलब्ध करवाने का प्रयास किया गया है। लेकिन एक एक परिवार से पांच-पांच लोग लाईनों में लगे मिल रहे है। ऐसे में यह स्टॉक करने की प्रवृति के कारण समस्याएं बढ़ रही है। अभी 6000 बोरी डीएपी पहुंच गई है एवं 600 बोरी और मिलने की उम्मीद है। इसी प्रकार 20 हजार बोरी यूरिया भी मिलने की उम्मीद है। ऐसे में किसान सहयोग बनाएं रखें तो सभी तक आवश्य कतानुसार पहुंच सुनिश्चित करवा दी जाएगी। लेकिन बिना मतलब की राजनीति करने के प्रयासों के कारण निराशा होती है।

बीदासर रोड़ एवं घूमचक्कर पर दिन भर बने जाम के हालात



श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स। इन दिनों डीएपी लेने के लिए श्रीडूंगरगढ़ मुख्यालय आए किसानों की गाडियों, कृषि मंडी में पहुंचने वाली गाड़ियों के कारण बीदासर रोड़ एवं घूमचक्कर पर दिन भर बार बार जाम के हालात बने। दिन भर जाम बढ़ने की सूचना पर अलग अलग पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचते रहे एवं जाम खुलवाने की मशक्कत में जुटे रहे। आगामी दिनों में यह जाम की समस्या और बढ़ने का अंदेशा है। शुक्रवार को तो एक बार आधार साईट नहीं चलने से आक्रोशित किसानों ने भी बीदासर रोड़ पर जाम लगा दिया था लेकिन बाद में समझाईश पर किसानों ने जाम हटा लिया।

डाउन रही आधार वेबसाईट, परेशान हुए किसान, 165 किसानों को बांटे 670 बैग डीएपी

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 14 नवम्बर 2026। श्रीडूंगरगढ़ क्षेत्र के किसानों को रबी की फसल बुवाई के लिए डीएपी की जबरदस्त आवश्कयता है एवं यही कारण है कि यहां बीदासर रोड़ पर स्थित केवीएसएस में डीएपी उपलब्ध होने की सूचना के साथ ही यहां रात-दिन किसानों की लाईनें लगी हुई है। श्रीडूंगरगढ़ क्रय विक्रय सहकारी समिति व्यवस्थापक भीखासिंह ने बताया कि समिति द्वारा पुरी पारदर्शिता के साथ किसानों को डीएपी का वितरण किया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को दुसरे दिन 165 किसानों को 670 कट्टे डीएपी दी गई। शुक्रवार को आधार वेबसाईट डाउन थी एवं इस कारण पोश-मशीन काम नहीं कर पा रही थी। ऐसे में दोहपर बाद साईट चली तो कार्य हो पाया। किसानों की आवश्यकता को देखते हुए शनिवार को भी समिति कार्यालय खुला रखा जाएगा एवं डीएपी वितरण की जाएगी।

चुनाव के बाद हार-जीत को भूलने और पूरे गांव को अपना परिवार समझने के संकल्प के साथ ज्योति कंवर ने किया तोलियासर सरपंच पदभार ग्रहण

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स

14 नवम्बर 2026। चुनाव के बाद हार व जीत को मन मे नही रख कर पूरे गांव को अपना परिवार मानने के संकल्प के साथ ग्राम पंचायत तोलियासर की नवनिर्वाचित सरपंच जयति कंवर ने शुक्रवार को पदभार ग्रहण किया। वार्ड पंचों की मौजूदगी में निवर्तमान सरपंच रेखा देवी ने पूजन करवाया व स्वागत करते हुए सरपंच कुर्सी पर आसीन करवाया। सौहार्दपूर्ण इस माहौल की पूरे गांव में सराहना हुई एंव ज्योति कंवर ने निवर्तमान सरपंच रेखा देवी का साफा पहनाते हुए आभार जताया। इस मौके पर सर पंच प्रतिनिधि विक्रम सिंह राजपुरोहित ने बाबा भैरूनाथ के आशीर्वाद एवं ग्रामीणों के समर्थन के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों ने जो भरोसा जताया है उसे काम के जरिए कायम रखने का प्रयास करेंगे। उन्होंने गाँव में सभी वर्गों को साथ लेकर निष्पक्षता से काम करने और जनसमस्याओं के समाधान के लिए सक्रिय रहने की बात कही। इस दौरान कई लोग मौजूद रहे।



घरेलू विवाद निपटाने घर से निकले, नही पहुंचे रिश्तेदारी में, 50 वर्षीय व्यक्ति की गुमशुदगी दर्ज

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स

14 नवम्बर 2026। क्षेत्र के गांव आडसर पुरोहितान से गुरुवार रात को एक 50 वर्षीय व्यक्ति बीकानेर में रिश्तेदारों से मिलने के लिए निकले। लेकिन न तो रिश्तेदारों के यहां पहुंचे न ही उनका फोन चालू रहा। ऐसे में परेशान पुत्र ने श्रीडूंगरगढ़ थाने पहुंच कर गुमशुदगी दर्ज करवाई है। गांव आडसर निवासी मुकेश सोनी ने पुलिस को बताया कि उसके पिता 50 वर्षीय राधेश्याम सोनी गुरुवार रात को 8 बजे घरेलू विवाद सुलझाने के लिए बीकानेर का कह कर घर से निकले थे। लेकिन न तो वो रिश्तेदारी में कहीं पहुँचे ओर न ही गांव वापस आये। पुत्र की परिवाद पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है एवं जांच एएसआई भंवरु खान करेंगे। श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स के पाठक भी इस सबंध में कोई जानकारी मिलने पर गुमशुदा के पुत्र मुकेश को 7877761790 पर, उनके भाई राजू सोनी धीरदेसर पुरोहितान को 9950 268817 पर एवं आडसर सरपंच प्रतिनिधि शिवकुमार जोशी को 907 9910334 पर सूचना दे सकते है। गुमशुदा राधेश्याम सोनी की लंबाई करीब 5 फीट 7 है एवं उन्होंने सफेद शर्ट, काली पेंट व पैरों में चप्पल पहने हुए है।





कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ बहिन-बेटियों द्वारा आयोजित नानी बाई का मायरा, उमड़ी भीड़

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 14 नवम्बर 2026। कस्बे के बिग्गाबास के लूणकरण, सीताराम व राजू झंवर परिवार की बहिन बेटियों द्वारा अपने पीहर में आकर नानी बाई के मायरे का आयोजन किया जा रहा है और इसकी शुरूआत गुरूवार को कलश यात्रा के साथ हुई। कलश यात्रा गणेशजी मंदिर से रवाना होकर जूलूस के साथ कथास्थल बिग्गा बास के महेश भवन पहुंची। जहां प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक आयोजित हो रहे इस मायरे में मायरा वाचक पंडित कैलाश सारस्वत ने पहले दिन भक्त नरसी के जीवन चरित्र एवं महारास की कथा का वर्णन किया। इस मौके पर सजीव झांकियां भी सजाई जा रही है एवं बड़ी संख्या में बहिन बेटियां व झंवर परिवार के सदस्य, मोहल्लेवासी मौजूद रहे।



प्रशिक्षण स्थल से मतदान दल को बिना सूचना नदारद हुए सहायक मतदान अधिकारी निलंबित, 18 अन्य कार्मिकों को नोटिस

जयपुर। पंचायतीराज संस्थाओं के आम चुनाव-2026 के अंतर्गत जिले की चार पंचायत समितियों (जमवारामगढ़, आंधी, बस्सी एवं तूंगा) में निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न करवाने के लिए शुक्रवार को प्रशिक्षण स्थल श्री भवानी निकेतन के फार्मेसी कॉलेज परिसर से संबंधित पंचायत मुख्यालयों पर स्थित मतदान केंद्रों के लिए मतदान दल रवाना किए गए। जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) जयपुर संदेश नायक ने बताया कि पंचायत समिति आंधी के मतदान दल में सहायक मतदान अधिकारी-प्रथम के पद पर नियुक्त एक कार्मिक हस्ताक्षर करने के बाद मतदान दल के टेंट से बिना किसी सूचना के फोन बंद कर नदारद हो गया। टेंट में नियुक्त अधिकारियों द्वारा माइक पर बार-बार आवाज लगाने के बावजूद उक्त कार्मिक उपस्थित नहीं हुआ। इस पर संबंधित कार्मिक को राजस्थान सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1958 के नियम 13 के तहत निलंबित करते हुए उनका मुख्यालय कार्यालय संभागीय संस्कृत शिक्षा अधिकारी, जयपुर संभाग, जयपुर निर्धारित किया गया है। इसके साथ ही अनुपस्थित 18 अन्य कार्मिकों को लोकप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 एवं राजस्थान सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1958 के नियम 17 के तहत नोटिस जारी कर जवाब तलब किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि निर्वाचन जैसे राजकीय महत्व के कार्य में लापरवाही बरतने वाले कार्मिकों की सूची तैयार की जा रही है। ऐसे कार्मिकों के विरुद्ध शीघ्र ही अनुशासनात्मक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने की स्थिति में लोकप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 134 (1क) के तहत कार्रवाई करते हुए मुकदमा भी दर्ज करवाया जा सकता है।

टिफिन पर चर्चा में याद किया स्कूली दिनों को



श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 14 नवम्बर 2026। अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल द्वारा निर्देशित टिफिन पर चर्चा एवं सीक्रेट सखी कार्यक्रम में श्रीडूंगरगढ़ महिला मंडल द्वारा शुक्रवार को मंडल अध्यक्षा मंजु देवी बोथरा की अध्यक्षता में मंडल भवन में आयोजित किए गए। मंडल मंत्री अंबिका डागा ने बताया कि पहले कार्यक्रम टिफिन पर चर्चा में 30 महिलाओं ने भाग लिया एवं पांच ग्रुपों में स्कूल दिनों को याद करते हुए विभिन्न मुद्दों पर परिचर्चा की गई। कार्यक्रम में सभी संभागी अपने घरों से टिफिन लेकर आए एवं सामूहिक रूप से टिफिन किया। इस कार्यक्रम में समय पर पहुंचनें वाली 13 महिला संभागियों को पंचुअलिटी गिफ्ट भी दिया गया। कार्यक्रम के दौरान पांरपरिक परिधान प्रतियोगिता में प्रथम रही रितु गालू, द्वितीय रही रिंकी गालू एवं तृतीय स्थान पर संयुक्त रूप से रही मोनिका मालू एवं अंजु संचेती को पुरस्कृत किया गया।

सीक्रेट सखी ने दिए उपहार, साध्वीश्री ने दिया मंगल पाथेय



श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 14 नवम्बर 2026। तेरापंथ महिला मंडल द्वारा शुक्रवार को दूसरा कार्यक्रम सीक्रेट सखी आयोजित किया गया। इस आयोजन में 18 महिलाएं संभागी रही एवं सभी को सीक्रेट सखियों द्वारा एक दूसरे को कार्ड दिए गए एवं एक दूसर को उपहार भी दिए गए। कार्यक्रम के दौरान सेवाकेन्द्र व्यवस्थापिका साध्वी लक्ष्यप्रभा भी मंगल दर्शन देने मंडल भवन पहुंची एवं महिलाओं को मंगल पाथेय प्रदान किया। साध्वीश्री ने महिला होने पर गर्व करने एवं अपने संस्कारों से इस गर्व को बढ़ाने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम संयोजन मोनिका मालू एवं नीतू बोथरा ने किया। मंत्री अंबिका डागा द्वारा आभार ज्ञापन के साथ कार्यक्रम समाप्त हुआ।

छात्रावास में हुआ जाट समाज के नवनिर्वाचित सरपंचों का सम्मान, आर्य ने दी सेवा संकल्प लेने की प्रेरणा

14 नवम्बर 2026। महर्षि दयानंद सरस्वती छात्रावास श्रीडूंगरगढ़ में जाट समाज के 33 नवनिर्वाचित सरपंचों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें छात्रावास मैनेजमेंट कमेठी द्वारा शॉल, साफा एवं माल्यार्पण कर उपस्थित हुए 23 नवनिर्वाचित सरपंचों व सरपंच प्रतिनिधियों का अभिनन्दन किया गया। इस मौके पर छात्रावास मैनेजमेंट कमेठी के अध्यक्ष एडवोकेट श्याम सुन्दर आर्य ने सरपंचों को बधाई देते हुए कहा कि जनता ने आपसे अपेक्षा कर जो जनादेश दिया है उसे विकास की गति में बदलिए। आर्य ने कहा कि आज समाज की शिक्षा एवं स्वास्थ्य व्यवस्थाओं में बहुत सुधार की आवश्यकता है। नशा वृत्ति एवं सामाजिक कुरीतियों की रोक थाम में सरपंचों की अहम भूमिका हो सकती है। इस अवसर पर पूर्व विधायक गिरधारीलाल महिया, सेवानिवृत्त न्यायाधीश दयाराम गोदारा भी अतिथि रूप में मौजूद रहे एवं कार्यक्रम संयोजन सुशील सेरडिया ने किया। छात्रावास अधिक्षक श्रवण कुमार भामू ने आभार जताया।

इनका हुआ सम्मान।

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स। श्रीडूंगरगढ़ एवं रीड़ी पंचायत समिति की कुल 64 ग्राम पंचायतों में से 33 ग्राम पंचायतों में जाट समाज के सरपंच विजयी हुए है। इनमें से 23 सरपंच इस अभिनंदन कार्यक्रम में मौजूद रहे। कार्यक्रम में बींझासर से मनोहरलाल कडवासरा, जालबसर से मुखराम सारण, जैसलसर से चांदराम चाहर, बाना से भंवरलाल बाना, बरजांगसर से जगदीश सिहाग, बाड़ेला से मुलाराम सारण, डेलवां से सहीराम डेलू, जाखासर नया से सुरजाराम सिहाग, लाखानसर से चंदुराम कडवासरा, दुकरियासर से बीरबलराम देहडू, सूडसर से कोडाराम भादू, गोपालसर से रामरतन बुडिया, टेऊ से टीकूराम नाहर, कल्याणसर नया से मोहनराम गोदारा, रीड़ी से हेतराम जाखड़, मोमासर से मनफुल गोदारा, दुलचासर से खेताराम महिया, लखासर से गोवंधन खिलेरी, बेनीसर से ओमप्रकाश डोगीवाल, लिखमीसर दिखणादा से मांगीलाल भूंवाल, उदरासर से किशनाराम गोदारा, राजेडू से श्रवणराम मदेरणा का सम्मान किया गया।

ये रहे मौजूद।

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स। कार्यक्रम में किशनाराम गोदारा, शारदा चोंटिया, तुलछीराम गोदारा, लक्ष्मणराम खिलेरी, चन्द्राराम कुकणा, भंवरलाल जानूं, प्रभुराम बाना, मोडाराम तरड़, पुरखाराम कुकणा, ताजाराम गोदारा, मोहनलाल भादू, मुखराम नैण, सुरजाराम चाहर, डालूराम कस्वां, नेताराम गोदारा, सहीराम आर्य, गंगाराम गोदारा, रामचन्द्र गोदारा, नेमाराम तरड़, रामलाल गोदारा, दुर्गाराम महिया, देवाराम ज्याणी, गोपाल खिलेरी, रामचन्द्र गीला, रेखाराम लुखा, धर्मपाल बांगड़वा, कुम्भाराम घिंटाला, गोपीराम सिहाग, देवाराम गोदारा, धर्मवीर डांगी, हंसराज गोदारा, रामलाल जाखड़, कुम्भाराम भुंवाल, भंवरलाल जाखड़, हनुमान महिया, देवेन्द्र राहड़, मालाराम, सुभाष कड़वासरा सहित बड़ी संख्यसा में समाज के प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।







श्रीडूंगरगढ़ में 15 नवंबर को कविता वाचन प्रतियोगिता, 16 को डॉ. बुलाकी शर्मा होंगे सम्मानित

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 14 नवंबर 2026। कस्बे में 15 नवम्बर, रविवार को राष्ट्रभाषा हिन्दी प्रचार समिति के द्वारा कविता वाचन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन की संयोजक भगवती पारीक मनु ने बताया कि प्रतियोगिता का समय सुबह 10 बजे निर्धारित किया गया है। जिसमे बच्चे या बड़े, सभी भाग ले सकते है। इस प्रतियोगिता की अध्यक्षता शिक्षाविद कमल किशोर पिपलवा करेगें एवं मुख्य अतिथि के रूप में बाल साहित्यकार शिवराज भारतीय, विशिष्ट अतिथि पत्रकार कपिला स्वामी मौजूद रहेगें।

16 नवम्बर को दिया जाएगा डॉ बुलाकी शर्मा को पुरस्कार

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स । राजस्थानी के प्रख्यात साहित्यकार डॉ बुलाकी शर्मा का चयन इस वर्ष के श्रीचुन्नीलाल सोमाणी राजस्थानी कथा पुरस्कार के लिए हुआ है। संयोजक डॉ चेतन स्वामी ने बताया कि यह पुरस्कार 16 नवम्बर को राष्ट्रभाषा हिन्दी प्रचार समिति प्रांगण में दिया जाएगा। विदित रहे कि राजस्थानी व्यंग्यकार बुलाकी शर्मा को उनके काव्य संग्रह तैरूंडे की किताब के लिए इस पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा। आयोजन की अध्यक्षता साहित्यकार श्याम महर्षि करेगें एवं स्वागताध्यक्ष उद्योगपति लक्ष्मीनारायण सोमानी होगें। मुख्य अतिथि के रूप में पर्यावरणविद ताराचंद ईदौरिया, विशिष्ट अतिथि के रूप में साहित्यकार मालचंद तिवाड़ी, डॉ मदनगोपाल लढ़ा, शंकरसिंह राजपुरोहित मौजूद रहेगें एवं कार्यक्रम संयोजन साहित्यकार सत्यदीप करेगें।

चाचा करना चाहता है घर पर कब्जा, भतीजे व उसके पत्नी बच्चों को पीटा, मामला दर्ज

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 14 नवंबर 2026। गुरूवार को श्रीडूंगरगढ़ थाने में एक भतीजे ने अपने चाचा एवं उसके परिवार के खिलाफ घर पर कब्जा करने के लिए मारपीट करने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज करवाया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गांव अभयसिंहपुरा निवासी किशननाथ ने अपने चाचा धन्नानाथ और उसके पुत्र लालचंद पर आरोप लगाते हुए पुलिस को बताया कि 11 नवंबर 2026 को वह दोपहर करीब 12 बजे गाँव के धर्मनाथ के खेत से ट्रैक्टर ट्रॉली में चारा भरकर गाँव लौट रहा था तभी चाचा धन्नानाथ और उसके पुत्र लालचंद ने उसे रोका और गाली गलौच कर जान से मारने की धमकियाँ दी। उसे लड़ना नहीं था, इसलिए वह रास्ता बदल कर चला गया। बाद में रात करीब 8.30 बजे वह अपने घर पहुंचा तो वहां पहले से घात लगा कर बैठे धन्नानाथ और लालचंद ने उस पर लाठी व बरछी से हमला कर दिया। उसे चोटें लगने से वह बेहोश हो गया एवं आरोपियों ने उसकी जेब से करीब 85000 रूपये और एक एंड्राइड फ़ोन निकाल लिया। शोर सुन कर पीडित के पत्नी-बच्चे बाहर आए तो आरोपियों ने उन्हें भी जान से मार देने की धमकी दी एवं वहां से भाग गए। बाद में परिजन किशननाथ को श्रीडूंगरगढ़ उप जिला अस्पताल लेकर आए जहाँ उपचार के दौरान सिर में 5 टाँके आये। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है एवं जांच एएसआई मुकेश करेगें।

दो बहिनों व उनके बच्चों की जान के दुश्मन बने उनके ही पति, थाने में मामला दर्ज

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 14 नवंबर 2026। बुधवार को क्षेत्र के गाँव ऊपनी निवासी 30 वर्षीया विवाहिता ने मारपीट के आरोप लगाते हुए पति, देवर, सास व ननद के खिलाफ श्रीडूंगरगढ़ थाने में मामला दर्ज करवाया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पीड़िता व उसकी बहन का विवाह 9 वर्ष पहले सुरेश व पवन पुत्र मदन खान निवासी गुसाईसर बड़ा के साथ हुआ था। लेकिन विवाह के कुछ समय बाद ही पीड़िता और उसकी बहन को पति सुरेश व देवर पवन ने मारपीट कर घर से निकाल दिया। कुछ समय बीतने पर वापस उन्हें ससुराल गाँव गुसाइसर बड़ा लेकर आये लेकिन गाली गलौच करके फिर से निकाल दिया। कुछ दिन पहले परिवादिया का पति सुरेश पीड़िता के पीहर पहुंचा और वहाँ बच्चों से मारपीट की। 11 नवंबर 2026 को सुरेश ने 4 वर्ष की बेटी के साथ बुरी तरह से मारपीट कर उसे उठाकर पत्थर के ऊपर फेंक दिया जहाँ उसे सिर पर चोट लगने से टाँके आये। बीच बचाव करने आई पीड़िता के सिर पर भी लोहे की बाल्टी दे मारी और मारपीट करने लगा। चीखने पर आस पड़ोस के लोगों ने छुड़वाया। पीड़िता ने बताया कि पति सुरेश व देवर पवन ने पहले भी दोनों बहनों और बच्चों को जान से मारने के प्रयास किये हैं। साथ ही सास व ननद पर दोनों भाइयों को खिलाफ भड़काने और घर नहीं बसने देने के आरोप लगाए हैं। पीड़िता ने खुद व पीहर पक्ष की जान को खतरा होने की बात बताते हुए पीड़िता व उसके भाई भिखे खान ने चारों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। मामले की जांच एस आई रतनलाल को सुपुर्द की गयी है।

65 सालों से गूंज रही शहनाई हुई शांत, मास्टर आसु खां दमामी का निधन



श्रीडूंगडगढ़ टाइम्स 14 नवम्बर 2026। क्षेत्र के सबसे पुराने संगीत कलाकारों में एक मास्टर आसु खां दमामी का निधन लंबी बीमारी के बाद शुक्रवार को हो गया। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार दोपहर किया गया। विदित रहे कि मधुर बैंड के माध्यम से आसु खां 65 वर्षों से संगीत साधना में जुटे हुए थे एवं क्षेत्र में सार्वजनिक कार्यक्रमों में अपनी सेवा देने के लिए भी आगे रहते थे। इस हेतु उन्हें कई सम्मान भी प्रदान किए गए थे। दमामी परिवार की अभी चौथी पीढ़ी इसी क्षेत्र में जुटी हुई है।

महिला को उठा ले जाने का प्रयास, घर में घुसे बदमाश, मामला दर्ज

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 14 नवंबर 2026। क्षेत्र के गाँव मोमासर से 30 वर्षीया महिला ने गांव के ही चार युवकों के खिलाफ उसे घर से उठा कर ले जाने का प्रयास करने का आरोप लगाते हुए श्रीडूंगरगढ़ थाने में मामला दर्ज करवाया है। पीडिता ने पुलिस को बताया कि आरोपी सांवरमल मेघवाल व उसके भाई श्रीचंद, सुभाष व ताराचंद पुत्र नौराराम मेघवाल गत 8 नवम्बर को शाम करीब चार बजे उसके घर के बाहर आए एवं सरेआम उसे उठा कर ले जाने की धमकी दी। बाद में आरोपी रात करीब 9.30 बजे पुनः लौटकर शराब के नशे में जबरन घर में घुस कर पीडिता को घसीट कर जबरन अपनी गाड़ी में बैठा लिया। इस दौरान आरोपी ने पीडिता के कपड़े भी फाड़ दिए। परिवादिया ने शोर मचाया तो उसकी माँ नारायणी, बहन धापू और भाई नन्दलाल आदि आए तो आरोपी उसे छोड़ कर आईदा मौका मिलते ही उठा कर ले जाने की धमकी देते हुए भाग गए। पीडिता ने पुलिस को बताया कि छीना-झपटी के दौरान आरोपी सांवरमल को भी चोटें आई। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है एवं जांच सीओ श्रीडूंगरगढ़ निकेत पारीक करेगें।

दुर्घटना में मामला दर्ज - भानजे को लेकर गांव जा रहा युवक बना काल का ग्रास

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 14 नवम्बर 2026। गुरूवार रात को लखासर-दुलचासर ग्रामीण सम्पर्क सड़क पर हुई पिकअप मोटरसाईकिल टक्कर में क्षेत्र के गांव माणकरासर निवासी 26 वर्षीय युवक ने अपने प्राण गंवा दिए। इस संबध में मृतक के चाचा मघाराम ने पिकअप चालक के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। मघाराम ने पुलिस को बताया कि उसका भतीजा सीताराम पुत्र मांगीलाल मेघवाल गांव देराजसर से अपने 4 साल के भाणजे को लेकर अपने गांव माणकरासर आ रहा था। देराजसर से वाया दुलचासर, लखासर होते हुए उसे गांव पहुंचना था लेकिन दुलचासर-लखासर के बीच में लखासर की ओर से आ रही एक पिकअप के चालक ने उसे तेज एंव गफलत से गाड़ी चलाते हुए टक्कर मार दी। टक्कर में सीताराम की मौत हो गई एवं उसके साथ बाईक पर सवार उसके 4 साल के भानजे रविन्द्र एवं माणकरासर निवासी 25 वर्षीय गोपाल पुत्र ओमप्रकाश मेघवाल के चोटें आई। घायलों को पहले श्रीडूंगरगढ़ चिकित्सालय एवं वहां से फिर बीकानेर पीबीएम ट्रोमा सेंटर रैफर किया गया। इस संबध में दर्ज मामले की जांच हैडकांस्टेबल विनोद कुमार को दी गई है।

ताले तोड़ चुरा ले गए चांदी के छत्तर, मामला दर्ज

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 14 नवम्बर 2026। क्षेत्र में सर्दियों की आहट शुरू होते ही चोरों की धमाचौकड़ी भी शुरू हो गई है। अज्ञात चोरों ने क्षेत्र के गांव कोटासर के भोमियाजी मंदिर में सेंध लगा कर चांदी के छत्तर चुरा लिए। प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव में बने इस मंदिर में मुख्य दरवाजा तो रात को भी खुला ही रहता है एवं अज्ञात चोरों ने गुरूवार रात को करीब 1 से 4 बजे के बीच में गर्भगृह का ताला तोड़ कर उसमें से मुर्ति पर चढाए हुए करीब 25-40 चांदी के छोटे-बड़े छत्तर चुरा लिए। सुबह पुजारी के मंदिर आने पर घटना की जानकारी हुई एवं पुजारी हरदास स्वामी ने इस संबध में शेरूणा थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। सूचना मिलने पर शेरूणा थाने के एएसआई पूर्णमल भी मौके पर पहुंचें एवं मौका मुआयना किया, वहीं दर्ज करवाए गए मामले की जांच हैडकांस्टेबल विनोद कुमार करेगें।



श्रीडूंगरगढ़ मंडी से सभी जिंसो के ताजा भाव

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 14 नवम्बर 2026। श्रीडूंगरगढ़ कृषि उपज मंडी में शुक्रवार को भी तेजी का माहौल रहा एवं मूंगफली एवं मूंग के भावों में और सुधार हुआ है। लगातार तीन दिनों से खरीफ की फसलों के भावों में तेजी से किसानों एवं व्यापारियों में उत्साह देखा जा रहा है। आप भी जानें शुक्रवार के सभी जिंसों के भाव। वहीं कृषि मंडी व्यापार मंडल द्वारा किसानों से अपना माल साफ सुथरा करके लाने की अपील की गई है। मंडी अध्यक्ष ओमप्रकाश मादू ने बताया कि मंडी प्रांगण में किसानों को अपने माल में घोचा, कंकर, लकड़ी, मिट्टी आदि अपने खेत से ही साफ करके मंडी लाने को कहा गया है। साफ माल की ही मंडी में बोली लगाई जाएगी।

नई खल - 4200/- 4850/-
ग्वार 8000/- 8101/-
ग्वार काला - 7000/- 7900/-
मोठ नया- 8000/- 8551/-
मोठ -6800/-7300
चना- 6700/- 7300/-
रूसी चना- 6600/- 7200/-
मैथी नई- 6800/- 7500/ -
गेहूं - 2750/- 2870/-
गेहूं1482 - 2800/- 3500/-
बाजरी - 2500/- 2700/-
बाजरी देसी- 4000/-5000
तारामीरा नया- 5000/- 5700/-
सरसों नई - 6800/- 7500/-
पीली सरसों - 6800/-7500
खडबा सरसों -आवक नहीं है।
ईसबगोल नया- 13000/- 15700/-
पैकेट ईसबगोल 16500/- 17800/-
जीरा नया- 24500/- 26000/-
मूंग नया- 7000/- 8]00/-
मूंग -6000/-7000/-
मूंगफली खला नया - 6500/- 8001/-
सिकाई मुंगफली -7600/-8200
मूंगफली चुगा नया - 6900/- 7800/-
मूंगफली दाल - 7000/- 8000/-
मूंगफली कल्याणी - 5000/- 6000/-
मूंगफली बोबरू - 4500/- 6000/-
मूंगफली गोटा फ्रेश - 8000/- 9000/-
तिल- 1000/- 10500/-
जौ नया- 2700/- 3000/-
मूंग चूरी - 40,1300/- 1400/-
मोठ चूरी- 40, 1100/- 1250/-
नया धाना - 12500/-16500/-

राजीविका और डेयरी को लेकर बैठक- दिसंबर में जयपुर में आयोजित होगा राजीविका का राष्ट्रीय सरस मेला, देशभर की स्वयं सहायता समूह महिलाओं को मिलेगा मंच

जयपुर। आगामी दिसंबर माह में जयपुर में राजीविका के राष्ट्रीय सरस मेले का आयोजन होने जा रहा है, जिसके माध्यम से देशभर की स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को राष्ट्रीय मंच प्रदान किया जाएगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इस आयोजन में प्रदेश की समृद्ध कला से संबंधित स्थानीय उत्पादों को शामिल करने एवं प्रदेश की राजीविका महिलाओं की अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इसके लिए बैठकें आयोजित कर महिलाओं को प्रोत्साहित किया जाए।

मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में राजीविका एवं डेयरी विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि ये सेक्टर ग्रामीण महिलाओं की आर्थिक समृद्धि के साथ स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन के प्रभावी माध्यम हैं। ऐसे में ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए उन्हें उत्पाद निर्माण के साथ मार्केटिंग, ब्रांडिंग एवं बिक्री के अवसर भी उपलब्ध करवाए जाएं।

राजीविका उत्पादों के लिए ई-कॉमर्स प्लेटफार्म-

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने 25 लाख लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा है, जिसके तहत अब तक 20 लाख महिलाएं लखपति दीदी बन चुकी हैं। महिला स्वयं सहायता समूहों को आजीविका के बेहतर अवसरों के साथ उनके उत्पादों की बिक्री के लिए बाजार उपलब्ध करवाना जरूरी है। ऐसे में राज्य सरकार महिलाओं के उत्पादों को व्यापक बाजार उपलब्ध करवाने के लिए ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म विकसित कर रही है। इससे उनके उत्पादों की पहुंच बढ़ेगी और आय के नए अवसर सृजित होंगे।

सरस सखियों को संभाग स्तर पर मिलेगा प्रशिक्षण-

मुख्यमंत्री ने सरस सखी योजना को ग्रामीण महिलाओं की आत्मनिर्भरता एवं आर्थिक समृद्धि की दिशा में अभिनव पहल बताया।

उन्होंने कहा कि राजीविका एवं डेयरी विभाग संयुक्त कार्ययोजना को प्रभावी रूप से लागू करते हुए उत्पादों को एकीकृत विपणन नेटवर्क से जोड़े। साथ ही, उन्होंने सरस सखियों को संभाग स्तर पर प्रशिक्षण उपलब्ध करवाने के भी निर्देश दिए। बैठक में मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास, अतिरिक्त मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) अखिल अरोड़ा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



छोटे उद्यमों की ऋण गारंटी योजना की संसदीय समिति ने की समीक्षा- उद्यमों को बैंक ऋण दिलाने के लिए बुलाई जाएगी विशेष बैठक -मुख्य सचिव



जयपुर। उद्योग संबंधी संसदीय स्थायी समिति ने राजस्थान के अध्ययन दौरे के दौरान शुक्रवार को जयपुर में सूक्ष्म और लघु उद्यमों के लिए ऋण गारंटी योजना की समीक्षा की। राज्यसभा सांसद एवं समिति अध्यक्ष श्री तिरुची शिवा की अध्यक्षता में हुई बैठक में मुख्य सचिव श्री वी. श्रीनिवास और राज्य सरकार के अधिकारी शामिल हुए। श्री तिरुची शिवा ने कहा कि सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) देश की अर्थव्यवस्था, निर्यात और रोजगार में अहम भूमिका निभाते हैं। समिति ने बैंकों और उद्योग संघों के साथ चर्चा की कि ऋण गारंटी योजना का लाभ उद्यमियों तक कैसे पहुंच रहा है और ऋण लेने में उन्हें क्या दिक्कतें आती हैं। बैठक में केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के लिए इन उद्यमों से खरीद के अनिवार्य लक्ष्यों, खरीद अनुबंधों और बकाया राशि के समय पर भुगतान पर भी बात हुई। राज्य के उद्योग एवं वाणिज्य विभाग ने उद्यमों के विकास और ऋण गारंटी योजनाओं पर प्रस्तुति दी। मुख्य सचिव श्री वी. श्रीनिवास ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत 2047 के लक्ष्य के अनुरूप प्रदेश विकसित राजस्थान 2047 की दिशा में काम कर रहा है। उन्होंने बैठक को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि राजस्थान में इन उद्यमों के विकास के लिए अभूतपूर्व काम हुआ है। प्रदेश में करीब 31 लाख पंजीकृत एमएसएमई हैं, जिनसे करीब 92 लाख लोगों का रोजगार जुड़ा है। इनमें करीब 99 प्रतिशत सूक्ष्म उद्यम हैं। श्री श्रीनिवास ने कहा कि पहली बार कारोबार शुरू करने वाले लोगों के लिए बिना संपत्ति गिरवी रखे बैंक ऋण मिलना महत्वपूर्ण है। सूक्ष्म और लघु उद्यमों के लिए ऋण गारंटी निधि न्यास (सीजीटीएमएसई) 10 करोड़ रुपये तक के पात्र ऋणों पर बैंकों को गारंटी देता है। राज्य की योजनाओं में पात्र उद्यमियों के लिए ब्याज में छूट, कारोबार शुरू करने के लिए अपनी ओर से लगाई जाने वाली राशि में सहायता या ऋण गारंटी शुल्क की भरपाई का प्रावधान है। मुख्य सचिव ने कहा कि समिति के निर्देशों पर राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (एसएलबीसी) की विशेष बैठक बुलाई जाएगी। इसमें उद्यमों को बैंक ऋण मिलने में आने वाली दिक्कतों पर चर्चा कर सुझाव तैयार किए जाएंगे। बैंकों को मिले ऋण आवेदनों और मंजूर किए गए आवेदनों के बीच अंतर की समीक्षा होगी। जिन परियोजनाओं के लिए ऋण मांगा गया है, उनके व्यावहारिक और आर्थिक पहलुओं को दोबारा परखा जाएगा। राजस्थान चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के सुझावों को ध्यान में रखते हुए राज निवेश पोर्टल को बेहतर बनाया जाएगा, ताकि निवेश आवेदनों पर समुचित कार्रवाई हो सके। श्री श्रीनिवास ने बताया कि पिछले 12 महीनों में उन्होंने राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की सभी बैठकों में भाग लिया। प्राथमिकता वाले क्षेत्रों की योजनाओं पर अलग से भी बैठकें हुईं। उन्होंने कहा कि एमएसएमई योजनाओं पर केंद्र सरकार के संबंधित मंत्रालय से आगे भी चर्चा होगी। उन्होंने मुद्रा योजना के तर्ज पर हर तीन महीने में राज्यों में इन योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करने का सुझाव दिया। बैठक में समिति के सदस्य, रेल मंत्रालय, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय, वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवाएं विभाग और राजस्थान सरकार के अधिकारी तथा बैंकों और उदयोग संघों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

किशनगढ़ में ज्वैलरी व्यापारी से धोखाधड़ी कर 1.80 करोड़ के सोने के आभूषण ले उड़े शातिर बदमाश गिरफ्तार

जयपुर। किशनगढ़ में ज्वैलरी खरीदने के बहाने व्यापारी को धोखा देकर करीब 1510 ग्राम सोने के आभूषण लेकर फरार हुए तीन शातिर आरोपियों को मदनगंज थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब 1 करोड़ 80 लाख रुपये कीमत के सोने के विभिन्न आभूषण तथा 1 लाख 32 हजार रुपये नकद बरामद किए हैं। पुलिस टीम ने तकनीकी अनुसंधान और 500 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान कर लगातार पीछा करते हुए उन्हें गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक अजमेर हर्षवर्धन अगरवाला के निर्देशानुसार संपत्ति संबंधी अपराधों, लूट, चोरी और नकबजनी के मामलों में फरार बदमाशों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉ. लाल चंद कायल तथा वृत्ताधिकारी किशनगढ़ शहर धर्मराज चौधरी के निर्देशन में थानाधिकारी मदनगंज भवानी सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने यह कार्रवाई की।

ज्वैलरी खरीदने का ऑर्डर देकर व्यापारी को बुलाया

घटना के संबंध में परिवादी मनफूल सोनी निवासी चाड़वास जिला चुरु ने 10 नवंबर 2026 को थाना मदनगंज में रिपोर्ट दर्ज करवाई। परिवादी ने बताया कि वह चाड़वास स्थित पायल ज्वैलर्स का प्रोपराइटर है। उसके मोबाइल पर किशनगढ़ निवासी राहुल सोनी नामक व्यक्ति पिछले तीन-चार दिनों से फोन कर उसकी फर्म से ज्वैलरी खरीदने का ऑर्डर दे रहा था। उसके विश्वास में आकर परिवादी ने 5 नवंबर 2026 को अपने स्टाफ के कर्मचारी राम सोनी और मनोज सोनी को करीब 1510 ग्राम वजन के सोने के आभूषण बिल सहित राहुल सोनी के पास किशनगढ़ भेजा। दोनों कर्मचारी दोपहर करीब 3-30 बजे किशनगढ़ पहुंचे। राहुल सोनी उन्हें गुणसागर ज्वैलर्स के ऊपर स्थित मकान में ले गया, जहां कर्मचारियों ने उसे आभूषण दिखाकर बिल सौंप दिया। राहुल ने माल का चयन करवाने का बहाना बनाया और वहां से चला गया। कर्मचारियों द्वारा कई बार फोन करने पर वह वापस आया और भुगतान तथा शेष सामान देने के बहाने उन्हें आरआर ज्वैलर्स, मदनगंज ले गया। वहां कर्मचारियों को खड़ा रहने के लिए कहकर राहुल सोनी स्कूटी लेकर चकमा देकर फरार हो गया।


500 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाली, कई शहरों में दी दबिश

प्रकरण दर्ज होने के बाद पुलिस ने आरोपियों और चोरी गए माल की तलाश के लिए अलग-अलग टीमें गठित कीं। टीमों ने आपसी समन्वय से किशनगढ़ शहर की गलियों और प्रमुख मार्गों पर लगे 500 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज का विश्लेषण किया। इसके आधार पर आरोपियों की पहचान की गई। आरोपी शातिर प्रवृत्ति के थे और घटना के बाद लगातार अपने ठिकाने बदल रहे थे। पुलिस टीमों ने कई दिनों तक उनका पीछा किया तथा ब्यावर, राजसमंद, अजमेर, लाडनूं, चुरु, बीकानेर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, हरिद्वार और जयपुर सहित विभिन्न शहरों में दबिश दी। आखिरकार पुलिस ने आरोपी राहुल कुमार सोनी (39) निवासी चुरू हाल मदनगंज, अविनाश कुमार सिंह (37) निवासी सुल्तानपुर उत्तर प्रदेश हाल रामगंज जिला अजमेर और प्रेम नवलानी (34) निवासी रामगंज जिला अजमेर को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से प्रकरण का माल बरामद कर लिया।



मोदी ने पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच ऊर्जा सुरक्षा पर दिया जोर, विकसित भारत के निर्माण के लिए बताया जरूरी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को ईरान और खाड़ी क्षेत्र के आसपास भू-राजनैतिक तनाव के बीच ऊर्जा सुरक्षा की अहमियत पर ज़ोर देते हुए कहा कि पिछले एक दशक में घरेलू ईंधन उत्पाद, भंडारण अवसंरचना और नवीकरणीय ऊर्जा में भारत के निवेश ने दुनिया भर में आने वाली मुश्किलों का सामना करने की उसकी क्षमता को मज़बूत किया है। श्री मोदी ने कहा, ÷विकसित भारत के निर्माण में सम्पर्क सूत्र के साथ-साथ ऊर्जा सुरक्षा की भी बड़ी भूमिका है। ईरान और खाड़ी के आसपास देशों में जारी संघर्ष ने दिखाया है कि ऊर्जा सुरक्षा कितनी ज़रूरी है। भारत ने भी मुश्किल दौर का सामना किया, लेकिन पिछले एक दशक में ऊर्जा सुरक्षा की दिशा में उठाए गए कदमों ने हमें इस संकट का मज़बूती से सामना करने में मदद की।÷ उन्होंने कहा, ÷ हमने पेट्रोल-डीजल और एलपीजी उत्पादन की क्षमता बढ़ाई, कच्चे तेल के भंडारण की व्यवस्था विकसित की, सौर, जल और पवन ऊर्जा का विस्तार किया, रेलवे का लगभग शत-प्रतिशत बिजलीकरण किया और मेट्रो जैसे सार्वजनिक परिवहन को मजबूत बनाया।÷ उन्होंने कहा कि आज कर्नाटक में भी जिन तीन परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ है, वे भी भारत की ऊर्जा सुरक्षा को नयी ताकत देंगी। मेंगलुरु का एलपीजी परियोजना, देश में 80 हजार मीट्रिक टन एलपीजी भंडारण की क्षमता बढ़ाएगा। देवनगोंदी मार्केटिंग टर्मिनल, पेट्रोल, डीजल और विमानन ईंधन की आपूर्ति को अधिक व्यवस्थित और भरोसेमंद बनाएगा। वहीं, बेंगलुरु का सीबीजी संयंत्र हर दिन करीब 13 टन बायोगैस तैयार करेगा। इससे कचरे का प्रबंधन बेहतर होगा, प्राकृतिक गैस के आयात पर खर्च होने वाले पैसे भी बचेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि ऊर्जा सुरक्षा का एक महत्वपूर्ण पहलू बिजली उत्पादन है। आज भारत चिप से लेकर शिप तक, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) , डेटा केंद्रों से लेकर क्वांटम कंप्यूटिंग तक, नयी टेक्नोलॉजी में नेतृत्व का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रहा है। इसके लिए देश में पर्याप्त बिजली रहे, इस दिशा में भी लगातार काम हो रहा है। आज भारत की नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता 300 गीगावॉट से अधिक हो चुकी है। स्वच्छ ताक़त हासिल करने के लिए भारत अपने परमाणु संयंत्रों की संख्या भी बढ़ा रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं की वजह से, आज भारत के नागरिक, बिजली के उपभोक्ता होने के साथ ही बिजली के उत्पादक भी बन रहे हैं। पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत, देश के 60 लाख से अधिक परिवारों ने छतों पर सौर संयंत्र लगाए हैं। इनमें कर्नाटक के भी 40 हजार से ज्यादा परिवार शामिल हैं। हर परिवार को केंद्र सरकार की तरफ से लगभग 80 हजार रुपये की मदद दी गई है। हरेक परिवार को। इसी तरह, पीएम कुसुम योजना के तहत, कर्नाटक में किसानों को आठ लाख से अधिक सोलर पंप द्वारा सिंचाई की व्यवस्था की जा रही है। यानी कर्नाटक के अन्नदाता भी अब ऊर्जादाता बन रहे हैं। इन योजनाओं से बिजली का खर्च घट रहा है, साथ ही कमाई और रोजगार के नए अवसर भी बन रहे हैं। श्री मोदी ने कहा कि किसी भी देश की विकास यात्रा में अवसंरचना की बहुत बड़ी भूमिका होती है। बेहतर सम्पर्क सूत्र तरक्की, रोजगार और उद्योग सबकी नयी संभावनाएं बनाते है। जब विकास के ये अवसर समाज के हर वर्ग तक पहुंचते हैं, तो गरीबी के खिलाफ लड़ाई भी मजबूत होती है। इसी का परिणाम है कि बीते वर्षों में देश के करीब 50 करोड़ नागरिक भीषण गरीबी से बाहर आए हैं। आज शुरू हो रहे ये परियोजनाएं भी इसी विकास यात्रा को आगे बढ़ाने वाले हैं। ये विकसित कर्नाटक और विकसित कर्नाटक से विकसित भारत के निर्माण को नयी गति देंगे। साथ ही, प्रौद्योगिकी शहर के रूप में बेंगलुरु की पहचान को और सशक्त करेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज बेंगलुरु मेट्रो की नयी पिंक लाइन को, बेंगलुरु वासियों के लिए समर्पित किया गया है। इस नयी मेट्रो लाइन के साथ, भारतीय प्रबंध संस्था (आईआईएम) बेंगलुरु और अनेक शिक्षण संस्थानों का सम्पर्क और बेहतर हो जाएगा। इसके अलावा कई ऐसे इलाके भी मेट्रो से जुड़ जाएंगे, जो बेंगलुरु के बड़े बिजनस, टेक्नोलॉजी और वाणिज्यिक केंद्र के रूप में जाने जाते हैं। यानी बेंगलुरु के लाखों लोगों को ना सिर्फ आने जाने की सहूलियत होने वाली है, बल्कि उनके पैसे और समय की भी बचत होगी। श्री मोदी ने कहा कि बेंगलुरु भारत की सिलिकॉन वैली ड्डड्डद्यद्यद्य4 है। देश के सूचना प्रौद्योगिकी विशेषज्ञों में इसका एक-तिहाई से अधिक योगदान है। ये शहर, भारत की नवाचार और आर्थिक विकास का एक बड़ा इंजन है। इसलिए,पूरे बेंगलुरू क्षेत्र का तेज विकास और आधुनिक सार्वजनिक परिवहन का विस्तार केंद्र सरकार की बड़ी प्राथमिकता है। इसी सोच के साथ केंद्र सरकार नम्मा मेट्रो के विस्तार में सहयोग कर रही है। वर्ष 2014 में नम्मा मेट्रो, सिर्फ 17 किलोमीटर की ही थी। आज इसका टोटल नेटवर्क, 100 किलोमीटर से ज्यादा का हो गया है। प्रधानमंत्री ने बताया कि दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) और मुंबई-मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र के बाद, बेंगलुरु देश का तीसरा शहर बना है, जहां मेट्रो नेटवर्क की सेंचुरी लगी है। नम्मा मेट्रो की ये सफलता, केवल एक परियोजना तक सीमित नहीं है। ये ईज़ ऑफ लिविंग को लेकर, ईज़ ऑफ ट्रैवल को लेकर, देश की नई सोच का परिणाम है। ये मध्य वर्ग परिवारों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए, देश की प्रतिबद्धता का नतीजा है। श्री मोदी ने कहा कि आज भारतीय रेल गुलामी के दौर की पुरानी सोच को पीछे छोड़ रहा है। देश की रेल अब नयी विरासत बना रहा है। उन्होंने कहा, ÷ हमारे रेलवे स्टेशनों, हमारे रेल इंजनों और फिर रेल कोच, हर चीज पर अब भारत की अपनी छाप, अपनी पहचान है। वंदे भारत ट्रेन या अमृत भारत स्टेशन्स, ये विकसित भारत की रेल सेवा की एक झांकी हैं। कर्नाटक के भी 60 से ज्यादा रेलवे स्टेशनस चामराजनगर, चिक्कमंगलूरु, सकलेशपुर और सुब्रह्मण्य रोड स्टेशन्स, ये भी अब अमृत भारत स्टेशन हो चुके हैं। इन स्टेशनों में संवेदनशीलता भी है, और आधुनिकता भी है। बुज़ुर्ग हों, दिव्यांग हों, ऐसे हर साथी के लिए विशेष सुविधाएं हैं। जो सुविधाएं पहले एयरपोर्ट्स में मिलती थीं, अब वही सुविधाएं रेलवे स्टेशन्स पर, गरीब और मिडिल क्लास परिवारों को देने का प्रयास हो रहा है। उन्होंने कहा कि बीते 10-12 वर्षों में भारत का रेलवे बजट कई गुणा बढ़ा है। इस दौरान जैसा अभी तेजस्वी जी ने बताया, कर्नाटक के रेल बजट में भी नौ गुणा की वृद्धि हुई है। आज भी, रेलवे के चार अमृत स्टेशन, दोहरीकरण और बिजलीकरण के दो प्रोजेक्ट्स कर्नाटक को मिले हैं। कुछ दिन पहले कर्नाटक को राज्य की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन मिली थी, और आज कर्नाटक को गोवा से जोड़ने वाली वंदे भारत ट्रेन मिली है। इस ट्रेन से कर्नाटक, मेंगलुरू समेत पूरे कोस्टल रूट के साथियों को, सेमी-हाईस्पीड ट्रेन का नया एक्सपीरियंस मिलेगा। उन्होंने कहा, ÷ जब देश एक मिशन के साथ आगे बढ़ता है, जब हर देशवासी विकास से जुड़ता है, जब करदाता से मिली पूंजी सही तरीके से विकास में लगती है, तो उसके परिणाम भी सुखद और सार्थक होते हैं। 2014 में हमने सबका साथ-सबका विकास को अपना संकल्प बनाकर काम शुरू किया था। आज इन्हीं प्रयासों से देश में मध्य वर्ग का विस्तार हो रहा है, देश में एक नया आकांक्षी वर्ग तैयार हो रहा है, ये ऐसा वर्ग है, जिसकी आकांक्षाएं बढ़ रही हैं, वो अपने घर मेंरेफ्रिजरेटर, वॉशिंग मशीन चाहता है, वह अपने परिवार के लिए स्कूटर-बाइक चाहता है, बच्चों को बेहतर शिक्षा, पोषण और स्वास्थ्य सुविधाएं देना चाहता है। वह पर्यटन पर खर्च करना चाहता है, नए अनुभव लेना चाहता है। यही बढ़ती आकांक्षी देश में नई डिमांड पैदा कर रही हैं। ऑटोमोबाइल से लेकर इलेक्ट्रॉनिक्स तक, पर्यटन से लेकर सेवा क्षेत्र सेक्टर तक, नए उद्योगों, फैक्ट्रियों और रोजगार के अवसर पैदा हो रहे हैं। यानी, ये नियो मिडिल क्लास भारत की अर्थव्यवस्था की ग्रोथ का बड़ा इंजन बन रहा है। कर्नाटक में, बेंगलुरू में भी बड़ी संख्या में मौजूद इस नव मध्यम वर्ग का हित केंद्र सरकार की प्राथमिकताओं में है। श्री मोदी ने कहा, ÷ केंद्र सरकार मध्य वर्ग की बचत बढ़ाने और उसके हाथ में ज्यादा पैसा देने के लिए लगातार काम कर रही है। हमने 12 लाख रुपये तक की सालाना इनकम को इनकम टैक्स से मुक्त कर दिया है। टीडीएस के नियमों में बदलाव करके वरिष्ठ नागरिकों और किराये की आय वालों को राहत दी। अगली पीढ़ी के वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधार के जरिए रोजमर्रा के सामान को सस्ता किया। पर्सनल हेल्थ और जीवन बीमा पर जीएसटी खत्म करके बीमा को ज्यादा खरीदने योग्य बनाया। उन्होंने कहा, ÷हमारा प्रयास है कि मध्य वर्ग की बचत बढ़ें, उसकी क्रय शक्ति मजबूत हो और वह अपने परिवार के सपने पूरे करने के साथ देश की आर्थिक प्रगति में भी भागीदार बने। आज कर्नाटक में हो रहा ये आयो जन भी इसी विकास यात्रा को नई गति देने वाला है।÷



प्रधानमंत्री मेरा फोन टैप कर रहे हैं, करें आमने-सामने की बहस - राहुल



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने आरोप लगाया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उनका फोन टैप कर रहे हैं और जो आरोप वह लगा रहे हैं, उन सभी के सबूत उसी फोन में मौजूद हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री को फिर आमने-सामने की बहस की चुनौती दी और कहा कि इससे साबित हो जाएगा कि कौन विदेशी ताकतों के नियंत्रण में है और कौन देश विरोधी है। उनके पास इस संबंध में कई अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां भी हैं और ये सभी जानकारियां उनके फोन में हैं। श्री गांधी ने शुक्रवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक अन्य पोस्ट में श्री मोदी पर निशाना साधते हुए लिखा, मोदी जी, अपने ही गोदी मीडिया के दिवाली मिलन में भी टेलीप्रॉम्प्टर। लोग आपके, मंच आपका, माहौल आपका- फिर भी स्क्रिप्ट चाहिए थी। लगता है दबाव में घबरा गए हैं। खैर, कोई बात नहीं। मुझसे बहस में भी टेलीप्रॉम्प्टर ले आइए, जज भी अपनी पसंद का बैठा लीजिए। बस आइए तो सही। देश जानना चाहता है- असली देशद्रोही कौन है। कांग्रेस नेता ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) संसद में बहस की बात करती है, लेकिन जब भी उन्होंने संसद में मुद्दे उठाने की कोशिश की तब उनका माइक बंद कर दिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि किसान विधेयक, वोट चोरी, विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर), चीन, पूर्व सेनाध्यक्ष मनोज मुकुंद नरवणे की किताब और एपस्टीन से जुड़े मुद्दों पर उन्हें संसद में बोलने नहीं दिया गया। श्री गांधी ने कहा कि वह भाषण वाली बहस नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री के साथ आमने-सामने की चर्चा चाहते हैं। इसमें एक तरफ श्री मोदी और दूसरी तरफ वह स्वयं बैठेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री उन पर आरोप लगाते हैं और वह भी उन पर आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने कहा, ÷उधर आप अडानी जी को जज बनाना चाहते हों, मोहन भागवत को बनाना चाहते हों, वो सब ठीक है, मगर मैं गारंटी दे रहा हूं, वन-ऑन-वन डिबेट के बाद प्रधानमंत्री, प्रधानमंत्री नहीं रह पाएंगे।

मैट हेनरी का कहर, न्यूजीलैंड ने भारत पर 244 रनों से बड़ी जीत दर्ज की

विल यंग (125) और टिम साइफर्ट (58) की शानदार पारियों के बाद मैट हेनरी (छह विकेट) और मैथ्यू फिशर (तीन विकेट) के बेहतरीन गेंदबाजी प्रदर्शन की बदौलत न्यूजीलैंड ने चौथे एकदिवसीय मुकाबले में शुक्रवार को भारत पर 244 रनों से बड़ी जीत दर्ज की। 334 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम को मैट हेनरी के गेंदबाजी कहर का सामना करना पड़ा। पहले ही ओवर में हेनरी ने रोहित शर्मा को बिना खाता खोले ही पवेलियन भेज दिया। इसके बाद इसी ओवर में उन्होंने दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली (शून्य) और कप्तान श्रेयस अय्यर (शून्य) का भी शिकार कर भारत के तीन विकेट झटक कर उसे संकट में डाल दिया। भारत का चौथा विकेट छठें ओवर में ऋतुराज गायकवाड़ (पांच) के रूप में गिरा। उन्हें काइल जेमीसन ने आउट किया। इसके बाद इशान किशन और अक्षर पटेल ने पारी को संभालने का प्रयास किया। दोनों बल्लेबाजों के बीच पांचवें विकेट लिए 44 रनों की साझेदारी हुई। 18वें ओवर में मैथ्यू फिशर ने अक्षर पटेल (21) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। 21वें ओवर में हेनरी ने इशान किशन (27) का भी शिकार कर लिया। नमन धीर ने भी कुछ देर तक संघर्ष किया लेकिन 24वें ओवर में फिशर ने उन्होंने भी 21 रन पर आउट कर भारत को नौवां झटका दिया। 27वें ओवर की चौथी गेंद पर हेनरी ने गुरनूर बराड़ (दो) को बोल्ड कर भारत की पारी का 89 रन पर अंत कर दिया। न्यूजीलैंड की ओर मैट हेनरी ने 27 रन देकर छह विकेट झटके। मैथ्यू फिशर को तीन विकेट मिले। काइल जेमीसन ने एक बल्लेबाज को आउट किया। आज यहां इससे पहले न्यूजीलैंड ने भारत के खिलाफ 333 रनों का सम्मानजनक स्कोर खड़ा किया था। भारत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड के लिए विल यंग और टिम साइटर्फ की सलामी जोड़ी ने 85 रन जोड़कर अपनी टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई। 12वें ओवर की आखिरी गेंद पर गुरनूर बराड़ ने टिम साइफर्ट को आउट कर भारत को पहली सफलता दिलाई।

साइफर्ट ने 48गेंदों में छह चौके और तीन छक्के लगाते हुए 58 रन बनाये। इसके बाद अक्षर पटेल ने निक केली (चार) और आकिब नबी ने डीन फॉक्सक्रॉफ्ट (आठ) का शिकार कर भारत की मैच में वापसी कराई। फ़िन ऐलन विल यंग के साथ चौथे विकेट के लिए 90 रन जोड़कर न्यूजीलैंड के लिए बड़े स्कोर की नींव को मजबूत किया। अक्षर पटेल ने 32वें ओवर में फिन ऐलन (41) का शिकार कर इस साझेदारी का अंत किया। उन्होंने 30 गेंदों में पांच चौके और दो छक्के लगाये। इसके बाद नमन धीर ने शतक बना चुके विल यंग का शिकार कर लिया। विल यंग ने 108 गेंदों में 14 चौके और चार छक्कों की मदद से 125 रनों की पारी खेली। माइकल ब्रेसवेल (15) को बराड़ और कप्तान मिचेल सैंटनर (24) को अर्शदीप सिंह ने आउटकर भारत की एक बार फिर से मैच में वापसी करा दी। आखिरी ओर तक भारतीय गेंदबाजों ने न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों पर दबाव बनाये रखा। 48वें ओवर में नबी ने क्रिस्टियन क्लार्क (22) को आउट किया। इसके बाद 50वें ओवर कर रहे आकिब नबी के इस ओवर में मैट हेनरी (दो) और मैथ्यू फ़िशर (एक) को रनआउट हुये और न्यूजीलैंड की पारी 333 रन पर सिमट गई। भारत की ओर से आकिब नबी , गुरनूर बराड़ और अक्षर पटेल ने दो-दो विकेट लिये। नमन धीर और अर्शदीप सिंह ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

भगवंत के पाकिस्तान दौरे पर विदेश मंत्रालय ने कहा- सभी को देश की राष्ट्रीय नीति का पालन करना होगा

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को पाकिस्तान आने के निमंत्रण पर विदेश मंत्रालय ने कहा है कि बाहरी देशों के साथ संबंधों को लेकर देश की एक राष्ट्रीय नीति है और सभी से इसका पालन करने की अपेक्षा की जाती है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को यहां मीडिया ब्रीफिंग में इस बारे में पूछे गये सवाल पर स्पष्ट किया कि विदेश जाने वाले गणमान्य व्यक्तियों को राजनीतिक मंजूरी देने से पहले विदेश मंत्रालय अपनी समग्र नीति के तहत आकलन करता है और उसी के अनुसार प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाती है। श्री जायसवाल ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान को लेकर भारत के रुख पर भी कहा कि भारत का रुख सभी के लिए पूरी तरह स्पष्ट होना चाहिए। उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री और पाकिस्तान सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष रमेश सिंह अरोड़ा ने श्री मान को लाहौर में 27 से 29 नवंबर तक होने वाली चौथी अंतरराष्ट्रीय (विश्व) पंजाबी कॉन्फ्रेंस में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने का न्योता दिया है।



श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स कार्यालय : फर्स्ट फ्लोर, टीएम प्लाजा, पुरानी घास मंडी, मैन मार्केट, श्रीडूंगरगढ़ सम्पादक : कपिला स्वामी 94149 17401, प्रबंधक : विशाल स्वामी 94144 17401